भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.3188

जिसका उत्तर 21.12.2023को दिया जाना है

राजमार्गों पर दुर्घटना का प्रवण स्थान

3188. श्री विनायक भाऊराव राऊत:

श्री संजय जाधवः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की स्थिति के अनुसार सरकार/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर कितने दुर्घटना प्रवण स्थलों (ब्लैक स्पॉट) क्षेत्रों की पहचान की गई है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अधिकांश दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राजमार्गों के इन ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में होती हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग)विगत पांच वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों में कितनी दुर्घटनाएं हुई हैं;

(घ) उक्त अवधि के दौरान देश में इन दुर्घटनाओं के कारण हुई मौतों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ड़) क्या सरकार ने ब्लैक स्पॉट की मरम्मत के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(च)इन उपायों के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा उक्त प्रयोजनार्थ स्वीकृत, जारी और खर्च की गई निधि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(छ) क्या सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं की पहचान करने के लिए किसी सड़क सुरक्षा प्राधिकरण की स्थापना की गई है और यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.) मंत्रालय ने संबंधित राज्यों/संघ राज्य प्रदेशों द्वारा उपलब्ध कराए गए सड़क दुर्घटना आंकड़ों की जांच के आधार पर, देश में पूरे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर 5803 ब्लैक स्पॉटों की पहचान की है। संबंधित राज्यों/संघ राज्य प्रदेशों से प्राप्त कैलेंडर वर्ष 2018 से 2020 के दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर इन ब्लैक स्पॉटों पर दुर्घटनाओं/मृत्यु का राज्य/संग राज्य प्रदेश-वार विवरण और इन ब्लैक स्पॉट के सुधार की स्थिति संलग्न है।

(च) एनएचएआई ने पिछले पांच वित्तीय वर्षों 2018-19 से 2022-23 के दौरान एनएचएआई को सौंपे गए एनएच पर उपरोक्त ब्लैक स्पॉटों की सुधार के लिए किए गए उपायों सहित मरम्मत और रखरखाव के लिए 15,702.80 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है।

(छ) जी, नहीं । प्रश्न नही उठता।

अनुबंध

राजमार्गों पर दुर्घटना का प्रवण स्थान के संबंध में श्री विनायक राऊत और श्री संजय जाधव द्वारा पूछे गए दिनांक 21.12.2023 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 3188के भाग (क) और (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

"राष्ट्रीय राजमार्गों पर पहचाने गए ब्लैकस्पॉट पर दुर्घटनाओं/मृत्यु का राज्यवार विवरण"

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य प्रदेश	राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट की संख्या	राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की संख्या	राष्ट्रीय राजमार्गों पर होने वाली मौतों की संख्या	सुधारे गए ब्लैक स्पॉट की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	466	2202	1273	404
2	अरुणाचल प्रदेश	5	31	12	5
3	चंडीगढ़	6	44	28	0
4	गोवा	29	76	50	9
5	गुजरात	250	1425	1066	153
6	हरयाणा	23	210	169	21
7	हिमाचल प्रदेश	116	420	166	87
8	मणिपुर	5	18	2	5
9	मेघालय	1	3	4	0
10	मध्य प्रदेश	303	1302	698	217
11	नगालैंड	17	51	1	17
12	पंजाब	296	775	573	222
13	राजस्थान	349	1869	1146	247
14	तमिलनाडु	748	6230	2144	364
15	उत्तराखंड	54	239	258	42
16	पश्चिम बंगाल	701	3572	1990	539
17	बिहार	64	464	429	9
18	दिल्ली	113	1651	524	29
19	कर्नाटक	551	4110	1694	367
20	जम्मू एवं कश्मीर	64	418	120	47
21	महाराष्ट्र	25	69	47	21
22	तेलंगाना	485	3965	1672	422

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य प्रदेश	राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट की संख्या	राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की संख्या	राष्ट्रीय राजमार्गों पर होने वाली मौतों की संख्या	सुधारे गए ब्लैक स्पॉट की संख्या
23	त्रिपुरा	9	83	30	9
24	झारखंड	58	174	140	43
25	छत्तीसगढ	142	510	389	125
26	मिजोरम	1	6	7	1
27	केरल	243	5151	656	57
28	असम	95	436	304	47
29	ओडिशा	169	1066	553	148
30	उत्तर प्रदेश	405	3344	2325	305
31	सिक्किम	10	30	6	10
कुल		5803	39944	18476	3972

*****